तापमान
अधिकतम 36.7 डिग्री से.
न्यूनतम 20.4 डिग्री से.

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

12 आवारा कुत्तों का आतंक, 11 भेड़ों के बच्चों को ..



12 बकाया 70 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स पर नप अधिकारियों ..



खबर संक्षेप

पति पर बिना तलाक दिए दूसरी शादी करने का आरोप

यमुनानगर। लालद्वारा कॉलोनी निवासी महिला ने पति पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट करने और बिना तलाक लिए दूसरी शादी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 10 मई 2024 को मोहित से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पति मायके से रुपये और सामान लाने का दबाव बनाने लगा। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की गई। जुलाई 2024 में मारपीट के बाद उसे घर से निकाल दिया गया। वह तभी से मायके में रह रही है। फरवरी 2026 में सोशल मीडिया से उसे पति की दूसरी शादी की जानकारी मिली। इसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी।

दो लोगों से 2.93 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी

यमुनानगर। जिले में साइबर ठगों ने दो लोगों से 2 लाख 93 हजार 598 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नवाब कॉलोनी निवासी सचिन कुमार ने शिकायत में बताया कि 5 से 7 अक्तूबर के बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसका फोन हैक कर फोन-पे के माध्यम से खाते से 1 लाख 85 हजार रुपये निकाल लिए। वहीं, ग्रीन पार्क निवासी गगनप्रीत सिंह ने बताया कि 4 अक्तूबर को उसके खाते से बिना जानकारी 1 लाख 8 हजार 598 रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई। पुलिस लेनदेन की जांच कर रही है।

विदेश भेजने के नाम पर युवक से 6.78 लाख ठगे

यमुनानगर। विदेश भेजकर रोजगार दिलाने का झांसा देकर दंपति ने एक अन्य महिला के साथ मिलकर युवक से 6 लाख 78 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने आरोपी दंपति समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। गांव चबूतरों निवासी पदम ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2025 में उसकी मुलाकात विशाल से हुई थी। उसने विदेश भेजने और अच्छा रोजगार दिलाने का झांसा दिया। विशाल ने अपनी पत्नी गुरप्रीत और बहन रज्जो से मिलवाया। आरोपियों ने विदेश भेजने के लिए 6 लाख 78 हजार रुपये खर्च बताया। पदम ने अक्तूबर 2025 से जुलाई 2026 तक रकम दे दी। इसके बाद न विदेश भेजा और न पैसे लौटाए।

मुलाना: सड़क किनारे से मिला युवक का शव

मुलाना। दोसड़का-सढौरा रोड पर डुलयानी गांव के पास सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय सागर निवासी गांव डुलियाना के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सड़क किनारे सागर का शव पड़ा मिला। मौके पर उसकी मोटरसाइकिल भी खड़ी मिली। शव मिलने की सूचना के बाद डायल 112 और स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।



नकली पेंट बेचने पर हार्ड वेयर संचालक पर केस

यमुनानगर। एशियन पेंट्स कंपनी के नाम से नकली पेंट बेचने के आरोप में पुलिस ने छछरौली के एक हार्डवेयर संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी और कॉपीराइट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 7 अक्तूबर को एशियन पेंट्स कंपनी की टीम ने छछरौली स्थित हार्डवेयर की दुकान पर जांच की। इस दौरान संचालक कंपनी के नाम से नकली पेंट बेचता मिला। कंपनी की टीम ने शिकायत दी।

सरकारी एजेंसी और मिलर पर धान नहीं खरीदने का आरोप

धान खरीद में देरी पर किसानों का फूटा गुस्सा, तरावड़ी मंडी के गेटों पर जड़ा ताला

अधिकारियों ने शाम तक बारदाना उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन

- खरीदी फसल की तुलाई और उठान नहीं होने से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

तरावड़ी अनाज मंडी में धान की खरीद व्यवस्था को लेकर गुरुवार को किसानों का रोष फूट पड़ा। खरीद में देरी और खरीदे गए धान की तुलाई व उठान नहीं होने से परेशान किसानों ने एकत्रित होकर मार्केट कमेटी कार्यालय पर ताला जड़ दिया। कुछ देर बाद किसानों ने मंडी के मुख्य गेटों पर भी ताला लगा दिया। इससे मंडी में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। किसान अपनी फसल की खरीद और उठान को लेकर अधिकारियों से जवाब मांगते नजर आए।जानकारी के अनुसार तरावड़ी अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद 27 सितंबर से शुरू हुई थी। किसानों का आरोप है कि सरकारी एजेंसियों द्वारा धीमी गति से खरीद किए जाने के कारण उन्हें कई-कई दिन तक मंडी में अपनी फसल बेचने के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि कई किसानों की धान की ढेरियां एजेंसी द्वारा खरीद ली गई हैं, लेकिन इसके बाद उनकी तुलाई और उठान नहीं किया गया।किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से धान लेकर मंडी में बैठे हैं। फसल की बोली और खरीद होने के बावजूद तुलाई नहीं हो रही है। उनका सवाल है कि जब एजेंसी फसल खरीद चुकी है तो तुलाई और उठान में देरी क्यों की जा रही है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानी के साथ फसल की सुरक्षा की चिंता भी बनी हुई है। किसानों ने पर्याप्त तुलाई व्यवस्था नहीं होने का भी आरोप लगाया।किसानों ने आरोप लगाया कि आसपास की मंडियों में धान की खरीद हो रही है और वहां मिलर या एजेंसियां फसल खरीद रही हैं, जबकि तरावड़ी मंडी में खरीद प्रभावित है। इसके चलते कुछ किसान अपनी फसल दूसरी मंडियों में ले जाने को मजबूर हैं। इससे पहले सोमवार को भी किसानों ने मंडी के गेटों पर ताला लगाया था।सूचना मिलने पर नीलोखेड़ी एसडीएम अशोक कुमार, मार्केट कमेटी सचिव अरविंद टाया और तहसीलदार डीएसपी सोनू नरवाल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनीं और उच्च अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर खरीद व्यवस्था सुचारु करवाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि धान की खरीद में तेजी लाई जाएगी और शाम तक मंडी में बारदाना उपलब्ध करवाया जाएगा।



तरावड़ी। मड़ी के गेटों को ताला लगाते किसान । फोटो: हरिभूमि

लाडवा: शनिवार और रविवार धान खरीद बंद, उठान होगा

लाडवा। अनाज मंडी में धान की लगातार बढ़ती आवक और भारी जाम के कारण उठान व्यवस्था प्रभावित होने से मंडी में स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। मंडी में जगह की कमी और बड़ी मात्रा में धान पड़ा होने के चलते फसल की लिफ्टिंग सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। वहीं आगामी दो-तीन दिनों में मौसम खराब रहने की संभावना जताई जा रही है। इन परिस्थितियों को देखते हुए समस्त एसोसिएशन लाडवा अनाज मंडी ने किसान, आढ़ती और खरीददारों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एसोसिएशन के प्रधान राजीव आर्य, स्वीटी भूल्लर, संजय गर्ग ने बताया ने बताया कि यह निर्णय किसी एक पक्ष के हित में नहीं, बल्कि किसान, आढ़ती और खरीददार तीनों के हितों को ध्यान में रखते हुए सामूहिक रूप से लिया गया है। सभी आढ़ती को सूचित किया गया है कि शनिवार और रविवार को मंडी में किसी भी प्रकार की धान की खरीद नहीं की जाएगी। इन दोनों दिनों में केवल उठान का कार्य किया जाएगा, ताकि मंडी में पहले से पड़े धान को जल्द से जल्द बाहर भेजकर मंडी में जगह बनाई जा सके।



घरौंडा मंडी: धान खरीद व्यवस्था बेपटरी

घरौंडा। अनाज मंडी में धान की खरीद व्यवस्था अभी पूरी तरह सुचारू नहीं हो पाई है। किसानों का आरोप है कि सरकारी खरीद में देरी के कारण उन्हें कई दिन इंतजार करना पड़ रहा है और मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचनी पड़ रही है। किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम अनुभव मेहता ने गुरुवार को मार्केट कमेटी कार्यालय में सरकारी एजेंसियों, राइस मिलरों, ट्रांसपोर्टरों और आढ़तियों के साथ बैठक की। एसडीएम ने बताया कि कुछ राइस मिलर मंडी पहुंच चुके हैं और स्टेट वेयरहाउस व हैफेड निर्धारित मापदंडों के अनुसार खरीद कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि एक-दो दिन में खरीद व्यवस्था पूरी तरह सुचारू हो जाएगी।

एसडीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक



पानीपत: दुष्कर्मी को 40 साल का कठोर कारावास

- मेडिकल में प्रेग्नेंट मिली थी नाबालिग

पानीपत। एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज एवं फास्ट ट्रैक कोर्ट (पॉक्सो) पीयूष शर्मा की अदालत ने 14 वर्षीय लड़की को बहला-फुसलाकर अगवा करने और उसके साथ बार-बार दुष्कर्म करने के आरोपी राजेश निवासी देशराज कॉलोनी, हाल निवासी कलंदर चौक को 40 साल के कठोर कारावास की सजा दी है। वहीं, जज शर्मा की अदालत ने राजेश पर 35 हजार रुपये का जुर्माना भी किया है। जुर्माना नहीं देने पर दोषी राजेश को तीन साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। वहीं, जज पीयूष की कोर्ट ने यह भी आदेश दिए हैं कि राकेश पर किए गए जुर्माने की पूरी राशि पीड़ित किशोरी को दी जाएगी। स्मरणीय है कि थाना किला पुलिस ने पीड़ित लड़की की माता की शिकायत पर 24 दिसंबर 2024 को केस दर्ज करवाया था। पुलिस ने लड़की की मेडिकल जांच करवाई तो वह गर्भवती मिली। पुलिस ने पीड़ित लड़की के अदालत में बयान दर्ज करवाए और राकेश को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने आरोपी राजेश को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था। वहीं, आरोपी राकेश के खिलाफ थाना किला पुलिस द्वारा पेश की गई मजबूत फॉरेंसिक व मेडिकल रिपोर्ट व 21 गवाहों की गवाही के आधार पर जज पीयूष शर्मा की अदालत ने राजेश को कड़ी सजा दी है।

युवक का शव मिलने का मामला

ड्राइवर और उसका साथी रातभर ऑटो में घुमाते रहे

- कैश-अंगूठी निकाली, नहीं पहुंचाया अस्पताल

पानीपत। मुखीजा कॉलोनी में बुधवार सुबह मिले 21 वर्षीय युवक के शव की पहचान आदर्श नगर, गोहाना निवासी सुधीर के रूप में हुई। परिजनों का आरोप है कि सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद सुधीर को अस्पताल पहुंचाने के बजाय ऑटो चालक अपने साथी के साथ रातभर ऑटो में घुमाता रहा। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि दोनों ने सुधीर की जेब से नकदी, कपड़े और सोने की अंगूठी निकाल ली। बाद में वे शव को अपने घर ले गए और परिजनों की नाराजगी के बाद अलसुबह मुखीजा कॉलोनी के पास खेतों में फेंक आए। मंगलवार शाम अपने भांजे सन्नी के साथ गोहाना के पास फैक्ट्री में काम करने वाले बड़े भाई को लेने बाइक से निकला था। राधा स्वामी सत्संग के पास रात करीब आठ बजे बाइक सड़क पर आई गाय से टकरा गई। हादसे में दोनों घायल होकर बेहोश हो गए। एक राहगीर ने दोनों को ऑटो में बैठाकर चालक को 300 रुपये देकर खानपुर अस्पताल पहुंचाने के लिए कहा। परिजनों का आरोप है कि चालक अस्पताल जाने के बजाय दूसरे रास्ते पर चला गया।

550 कट्टे यूरिया से भरे ट्रक सहित ट्रक चालक गिरफ्तार

कुरुक्षेत्र। पुलिस ने 550 कट्टे यूरिया से भरे ट्रक सहित एक आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। लाडवा थाना पुलिस की टीम ने यूरिया से भरे ट्रक चालक आरोपी गुलजार सिंह वासी डेरा भाग सिंह चीका जिला कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने 550 कट्टे यूरिया से भरे ट्रक को कब्जा में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 3 अक्टूबर 2026 को उप निरीक्षक देवेन्द्र कुमार व सिपाही राममेहर की टीम को डायल-112 की टीम ने एक अवैध खाद से भरा ट्रक जो पंजाब से जिला यमुनानगर जा रहा था को काबू करके थाना में पेश किया। उप निरीक्षक द्वारा ट्रक के ऊपर रस्सी से बंधी हुई तिरपाल को ट्रक के ऊपरी साईड से थोड़ा हटाकर चैक किया जिसके अंदर यूरिया खाद के पीले रंग के कट्टे लोड थे। जो ट्रक ड्राईवर गुलजार सिंह वासी डेरा भाग चीका जिला कैथल से खाद यूरिया के बिल बिल्टी व खाद सम्बन्धित कागजात के बारे पूछा गया जो ट्रक ड्राईवर ट्रक में लोड यूरिया के सम्बन्ध में कोई बिल, बिल्टी या कागजात पेश नही कर सका और ना ही कोई संतोषजनक जवाब दे सका। जो ट्रक में यूरिया खाद के कट्टे होने बारे सम्बन्धित विभाग के गुण नियंत्रण निरीक्षक कुरुक्षेत्र को सूचित किया गया। गुण नियत्रण निरीक्षक कुरुक्षेत्र शीशपाल ने अपनी टीम के साथ थाना लाडवा में पहुंचकर जांच की व यूरिया खाद के सैम्पल लिए। चैक करने पर ट्रक से 550 कट्टे उर्वरक यूरिया पाए गए। पुलिस टीम नेट्रक चालक आरोपी गुलजार सिंह वासी डेरा भाग सिंह चीका जिला कैथल को गिरफ्तार कर लिया।

करनाल में शुरू हुई सीबीएसई राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप, 26 टीमें ले रहीं हिस्सा

करनाल। सीबीएसई राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप का शुभारंभ गुरुवार को एसपीएस कॉन्वेंट स्कूल में हुआ। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई गई और गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। प्रतियोगिता में देश-विदेश की 26 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें 500 से अधिक खिलाड़ी और प्रशिक्षक शामिल हैं। सभी मुकाबले हॉकी स्टेडियम कैलाश में खेले जाएंगे। पहले दिन तीन मुकाबले हुए। अंडर-14 आयु वर्ग में वेल्स विद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल और स्मार्ट इंडियन मॉडल स्कूल, अंडर-17 में न्यू सैनिक स्कूल और वेल्स विद्यालय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल तथा अंडर-19 में प्रिंस अकादमी ऑफ हायर एजुकेशन और संजय घोड़ावत इंटरनेशनल स्कूल की टीमें आमने-सामने रहीं। एसपीएस कॉन्वेंट स्कूल के प्रधानाचार्य नरेश कुमार शर्मा तथा प्रबंधन समिति के अंकित बंसल और सजल बंसल ने बताया कि करनाल में पहली बार स्कूल की ओर से इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। खिलाड़ियों के रहने और भोजन की व्यवस्था स्कूल परिसर में की गई है।

आरबीआई में नौकरी के साथ 5 साल तक यूपीएससी की तैयारी की

नौकरी के साथ रोज पांच घंटे पढ़ाई, राहुल ने एचसीएस में हासिल की 7वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

गांव छपरा निवासी राहुल सैनी ने हरियाणा सिविल सर्विस (एचसीएस) परीक्षा के परिणाम में प्रदेश में 7वीं रैंक हासिल कर गांव और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता से गांव में खुशी का माहौल है। परिजन, रिश्तेदार और ग्रामीण उन्हें बधाई देने पहुंच रहे हैं। राहुल ने कहा कि एचसीएस अधिकारी के रूप में ईमानदारी और निष्ठा से जनता की सेवा करना तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका लक्ष्य है। राहुल ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने हरियाणा सरकार की पारदर्शी भर्ती व्यवस्था के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आज युवाओं को बिना सिफारिश और खर्च के अपनी योग्यता के आधार पर आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। राहुल ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार से बीएससी एग्रीकल्चर और गुजरात के इरमा से रूरल मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री हासिल की। वर्ष 2021 में भारतीय रिजर्व बैंक में नौकरी शुरू करने के बाद भी उन्होंने पांच वर्षों तक रोजाना करीब पांच घंटे यूपीएससी की तैयारी की। पहले प्रयास में यूपीएससी के इंटरव्यू तक पहुंचे, लेकिन अंतिम चयन नहीं हुआ। इसके बाद भी उन्होंने तैयारी जारी रखी और एचसीएस में 7वीं रैंक हासिल की। राहुल ने अपनी सफलता अपने दिवंगत दादा हरकेश चौधरी के सपने को समर्पित की, जो उन्हें बड़ा अधिकारी बनते देखना चाहते थे।



अवकाश, प्रतिनियुक्ति और मानदेय बढ़ाने के प्रस्तावों पर हुई चर्चा

सेवानिवृत्त शिक्षकों को एडजंक्ट फैकल्टी बनाने पर भी विचार

केयू कार्यकारिणी परिषद की बैठक में 27 मुद्दों पर मंथन, 12 शिक्षकों को मिली पदोन्नति

- छह प्रोफेसर बने सीनियर प्रोफेसर, अन्य पदोन्नतियों की भी सिफारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू कार्यकारिणी परिषद की 294वीं बैठक गुरुवार को प्रशासनिक ब्लॉक के कमेटी रूम में फिजिकल और वर्चुअल (गूगल मीट) माध्यम से आयोजित हुई। बैठक में 27 मुद्दों पर विचार किया गया। इनमें शिक्षकों की पदोन्नति, अवकाश और प्रतिनियुक्ति से जुड़े प्रस्ताव प्रमुख रहे। बैठक की शुरुआत में 25 अगस्त 2026 को हुई कार्यकारिणी परिषद की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई तथा उस बैठक के निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई को नोट किया गया। परिषद ने कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के तहत विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों के 12 शिक्षकों की पदोन्नति को मंजूरी दी।सीएएस के तहत सीनियर प्रोफेसर पद पर छह प्रोफेसरों की पदोन्नति की गई। इनमें समाजशास्त्र विभाग के डॉ. प्रेम कुमार, बायोकेमिस्ट्री विभाग के डॉ. जसबीर सिंह, वनस्पति विज्ञान विभाग के डॉ. नरेंद्र सिंह, रसायन विज्ञान विभाग के डॉ. जीपी दुबे, वाणिज्य विभाग के डॉ. तेजेंद्र शर्मा तथा अंग्रेजी विभाग की डॉ. रश्मि वर्मा शामिल हैं।इसके अलावा यूआईईटी के चार असिस्टेंट प्रोफेसरों को एसोसिएट प्रोफेसर (एसएफएस) पद पर पदोन्नति की अनुशंसा की गई। इनमें मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग की डॉ. परिणम अनुराधा, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. दीपक सूद, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. विशाल और डॉ. सुनील नैन शामिल हैं। कंप्यूटर साइंस एंड एप्लीकेशंस विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कंवल गर्ग की प्रोफेसर पद पर तथा समाज कार्य विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. बलिंदर सिंह की एसोसिएट प्रोफेसर पद पर पदोन्नति की भी सिफारिश की गई।बैठक में गणित विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में डॉ. विकास पोपली की कंफरमेशन को मंजूरी दी गई।



कुरुक्षेत्र। केयू कार्यकारिणी परिषद की 294वीं बैठक में मौजूद कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य। फोटो: हरिभूमि

ये मौजूद रहे

बैठक में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रो. सुदेश छिकारा, कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पॉल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, धनपत अग्रवाल, प्रो. शिवकुमार चक्रवर्ती, डॉ. जितेन्द्र जोशी, अजय कुमार, प्रो. प्रो. सुनील ढींगरा, धनपत अग्रवाल, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. मोहिन्द्र चंद, प्रो. कुसुम लता, प्रो. उषा रानी, डॉ. मनीषा संधू, डॉ. राजकमल, डॉ. हरविन्द्र लोंगोवाल, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर, ओएसडी पवन रोहिला, सहायक उप-कुलसचिव विनोद वर्मा, सहायक कुलसचिव विजय शर्मा सहित कार्यकारिणी परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

पारिश्रमिक की दरों में संशोधन पर भी विचार

वहीं, यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की सहायक प्रोफेसर (एसएफएस) डॉ. सिम्मी वशिष्ठ के दिल्ली फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी में सेवा जारी रखने के लिए असाधारण अवकाश एक वर्ष बढ़ाने के अनुरोध पर विचार किया गया। बायोकेमिस्ट्री विभाग की प्रोफेसर डॉ. रंजन गुप्ता की महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चरल यूनिवर्सिटी, करनाल में प्रतिनियुक्ति एक वर्ष बढ़ाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस विभाग की डी.लिब., बी.लिब. और एम.लिब. की प्रैक्टिकल परीक्षाओं में कर्मचारियों के पारिश्रमिक की दरों में संशोधन पर भी विचार किया गया।



न्यूज डायरी

करनाल में होगा राष्ट्रीय सांख्यिकीय सर्वेक्षण

करनाल। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के स्थानीय उप क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से अक्टूबर में जिले में विभिन्न राष्ट्रीय सांख्यिकीय सर्वेक्षण किए जाएंगे। इनमें आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, राष्ट्रीय घरेलू आय सर्वेक्षण, अखिल भारतीय ऋण एवं निवेश सर्वेक्षण तथा कृषक परिवारों की स्थिति का आकलन सर्वेक्षण शामिल हैं। इसके अलावा उद्यम सर्वेक्षणों के तहत थोक मूल्य सूचकांक, उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण, असंगठित सेवा उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण और निगमित सेवा क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण किया जाएगा।

सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में बनेगा किसानों का हॉस्टल

घरौंडा। घरौंडा स्थित सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में किसानों के लिए होस्टल बनाया जाएगा। राज्य सरकार ने इसके निर्माण को मंजूरी दे दी है। हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की ओर से इसके लिए 549.52 लाख रुपये का अनुमान तैयार किया गया है। होस्टल की मंजूरी के लिए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष लगातार प्रयास किए थे। भारत-इजराइल कृषि परियोजना के तहत करीब डेढ़ दशक से संचालित सब्जी उत्कृष्टता केंद्र में हरियाणा सहित हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और राजस्थान से किसान प्रशिक्षण व भ्रमण के लिए पहुंचते हैं। दूरदराज से आने वाले किसानों के ठहरने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से उन्हें परेशानी होती थी। हरविन्द्र कल्याण ने 23 मार्च 2025 को 11वें मेगा सब्जी एक्सपो के समापन समारोह में मुख्यमंत्री के समक्ष किसानों के लिए होस्टल की आवश्यकता रखी थी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने होस्टल निर्माण की घोषणा की थी। अब सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सरकार ने इसकी मंजूरी जारी कर दी है। प्रस्तावित भवन के भूतल पर 30 किसानों के जलपान तथा प्रथम तल पर ठहरने की व्यवस्था होगी।

चार सहायक उप निरीक्षकों को पदोन्नति



करनाल। जिला पुलिस में कार्यरत चार सहायक उप निरीक्षकों को पदोन्नति देकर उप निरीक्षक बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस ने जिला पुलिस कार्यालय में पदोन्नत कर्मचारियों के कंधों पर स्टार लगाकर उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने पदोन्नत अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी मेहनत, लगन और अनुशासन के साथ करने के निर्देश दिए। पदोन्नति पाने वालों में उप निरीक्षक करमबीर, उप निरीक्षक पवन कुमार, उप निरीक्षक रोहतास और उप निरीक्षक सत्य प्रकाश शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पदोन्नति के साथ अधिकारियों की जिम्मेदारियां भी बढ़ती हैं। ऐसे में नई जिम्मेदारियों को उत्साह के साथ निभाना चाहिए। पदोन्नत उप निरीक्षकों ने पुलिस अधीक्षक करन गोयल का आभार जताया। जिला पुलिस कार्यालय में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी उन्हें बधाई दी। इस दौरान पदोन्नत कर्मचारियों ने मिठाई खिलाकर खुशी साझा की।

चैतन्य टेक्नो स्कूल की टीम ने जीता कांस्य स्थान



करनाल। नीलोखेड़ी पॉलिटेक्निक स्टेडियम में आयोजित हरियाणा राज्य स्तरीय सुपर-7 चैंपियनशिप में श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, सीएचडी सिटी करनाल की अंडर-16 टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। टीम के खिलाड़ी गुरतेज संधू को चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। टीम की उपलब्धि पर कोच शुभम शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों ने मेहनत और अनुशासन के साथ प्रदर्शन करते हुए स्कूल और करनाल का नाम रोशन किया है।

एसआईआर के 34,007 मामलों की सुनवाई लंबित

करनाल। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हरियाणा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत करनाल जिले में नोटिस और सुनवाई से जुड़े लंबित मामलों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 2,70,161 नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से 34,007 मामले सुनवाई से संबंधित लंबित हैं, जो कुल मामलों का 12.59 प्रतिशत है। लंबित मामलों की नियमित समीक्षा की जा रही है और संबंधित अधिकारियों को प्रभावी निगरानी के साथ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। सुनवाई प्रक्रिया पूरी करने के लिए 7 से 9 अक्तूबर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। संबंधित मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। आर्थिक मुद्दों को पोस्टरों और विज्ञापनों के जरिए छात्राओं ने किया प्रस्तुत

पोस्टर प्रतियोगिता में 180 छात्राओं ने लिया हिस्सा



करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महाविद्यालय, करनाल के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से समसामयिक आर्थिक मुद्दों पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता और विज्ञापन प्रस्तुति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 'हरित' संदेश के तहत पौधा भेंट कर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में विषय की समझ के साथ रचनात्मकता और आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। निर्णायक मंडल में डॉ. सुनीत भंडारी, डॉ. सुषमा ठाकुर और डॉ. संगीता गौरांग शामिल रहीं। अर्थशास्त्र विभाग की प्रभारी डॉ. पूनम कुंडू और नेहा शर्मा ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में 147 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। छात्राओं ने गरीबी, बेरोजगारी, मुद्रास्फीति, मुद्रा के घटते मूल्य और अंतरराष्ट्रीय कीमतों जैसे पांच विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कुल 180 छात्राओं ने हिस्सा लिया। विजेता छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

करनाल लेक ओएसिस में औद्योगिक एक्सपो आज



करनाल। स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्किल टैक की ओर से करनाल लेक ओएसिस परिसर में औद्योगिक एक्सपो लगाया जाएगा। एक्सपो 9 से 20 अक्तूबर तक चलेगा। इसका उद्घाटन 9 अक्तूबर को उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा करेंगे। आयोजकों चंद्र गुप्त ढींगड़ा, वीरेंद्र ढींगड़ा, हरमीत सिंह हैप्पी और संजीव मक्कड़ ने बताया कि एक्सपो में कुटीर उद्योग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों द्वारा तैयार उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। मेले में सौ से अधिक स्टॉल लगाए जा रहे हैं। हरियाणा के अलावा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड और राजस्थान के शिल्पकार भी हिस्सा लेंगे।

घंटाकर्ण महावीर देवस्थान में श्रद्धालु संगम आज

करनाल। इंद्री रोड स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक घंटाकर्ण महावीर देवस्थान पर कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी के अवसर पर 9 अक्तूबर को मासिक श्रद्धालु संगम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शांतमूर्ति महासाध्वी प्रमिला महाराज और साध्वी जागृति महाराज के सान्निध्य में होगा। आयोजकों के अनुसार भारत संत गौरव गुरुदेव पीयूष मुनि महाराज का 51वां जन्मदिवस भी इसी दिन है। देवस्थान श्रद्धालुओं के लिए सुबह 6:30 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 7:30 बजे और सायंकालीन आरती शाम 5:15 बजे होगी। विशेष कृपा प्राप्ति प्रसंग के तहत सुबह 8:30 से 11 बजे तक सत्संग, भजन-कीर्तन और भक्तिमय कार्यक्रम होगा। इसके बाद महाआरती होगी। महाआरती और श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज की सेवा सपना जैन और संजीव जैन, महामंत्री, एसएस जैन सभा एवं आत्म वल्लभ विहार सोसायटी प्रबंध समिति, सेक्टर-13, रोहिणी, दिल्ली निवासी द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ एवं गणमान्य श्रद्धालु भी शामिल होंगे। समापन पर बृहत घंटाकर्ण स्तोत्र का पाठ किया जाएगा।

करनाल में शराब फैक्ट्री की महिला कर्मियों का फूटा गुस्सा

- बोलीं—समय पर वेतन नहीं मिलता, छुट्टी के बाद भी कराया जाता है काम; डीसी से मिलने पर अड़ीं कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



करनाल। जिला सचिवालय में अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करतीं शराब फैक्ट्री की महिला कर्मचारी।

करनाल के औंगद के पास स्थित शराब फैक्ट्री में काम करने वाली महिला कर्मचारियों ने ठेकेदार पर दुर्व्यवहार, समय पर वेतन नहीं देने और निर्धारित समय के बाद भी अतिरिक्त काम कराने के आरोप लगाए हैं। नाराज महिलाएं अपनी शिकायत लेकर जिला सचिवालय पहुंचीं और ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अधिकारियों से कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों का कहना था कि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होने तक वे पीछे नहीं हटेंगी।

महिलाओं के साथ पहुंचे कर्मचारी नेता सुशील कुमार ने कहा कि देश आजाद हो चुका है, लेकिन फैक्ट्रियों में मजदूरों से गुलामों की तरह काम कराया जा रहा है। उनका आरोप था कि महिला कर्मचारियों पर तरह-तरह की पाबंदियां लगाई जाती हैं और आवाज उठाने वालों की आवाज दबाने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी केवल अपनी जायज मांगों को लेकर अधिकारियों के समक्ष पहुंचे हैं। महिलाओं ने बताया कि वे जुंडला स्थित हरियाणा लिकर प्राइवेट लिमिटेड में काम करती हैं। उनके अनुसार उन्हें करीब 12,333 रुपये मासिक वेतन बताया गया था, लेकिन पूरा महीना काम करने के बावजूद करीब 10 हजार रुपये ही मिलते हैं। जिन कर्मचारियों को पूरा महीना वेतन नहीं मिल पाता, उन्हें करीब 8 हजार से साढ़े 7 हजार रुपये तक दिए जाने की बात कही गई। महिलाओं का आरोप है कि वेतन समय पर नहीं मिलता और कई बार 20 से 22 तारीख तक भुगतान किया जाता है। इससे कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

छुट्टी के बाद भी करवाते हैं गन्ना ढुलवाने का काम

महिला कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उनकी छुट्टी का समय शाम 5 बजे है, लेकिन इसके बाद भी उनसे गन्ना ढुलवाने का काम कराया जाता है। उनका कहना है कि इस कारण कई कर्मचारी रात करीब 6 बजे तक फैक्ट्री में रहती हैं और घर पहुंचते-पहुंचते करीब 7 बजे जाते हैं। महिलाओं के मुताबिक पहले गेट पर ही उनकी हाजिरी लगती थी, लेकिन अब हाजिरी की जिम्मेदारी ठेकेदार को सौंप दी गई है। कर्मचारियों ने इस व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं।

छुट्टी लेने पर गेट पर बैठने का आरोप

महिलाओं का कहना है कि पहले उन्हें रविवार को छुट्टी मिलती थी, लेकिन अब रविवार को भी काम कराया जाता है। किसी महिला कर्मचारी की तबीयत खराब होने या छुट्टी लेने की स्थिति में उससे गेट पर बैठने का आरोप भी लगाया गया है। कर्मचारियों का दावा है कि आवाज उठाने पर फैक्ट्री में प्रवेश बंद करने की धमकी दी जाती है।

कर्मचारियों की ये हैं प्रमुख शिकायतें

समय पर वेतन नहीं मिलने का आरोप। करीब 12,333 रुपये वेतन बताए जाने के बावजूद पूरा भुगतान नहीं मिलने की शिकायत। वेतन 20 से 22 तारीख तक मिलने का आरोप। शाम 5 बजे छुट्टी के बाद भी काम कराने की शिकायत। गन्ना ढुलवाने का काम कराने का आरोप। रविवार को भी काम कराने की शिकायत।

डीसी से मिलने पहुंचे कर्मचारी नेता

कर्मचारी नेता सुशील कुमार के नेतृत्व में महिलाएं जिला सचिवालय पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखने का प्रयास किया। सुशील कुमार ने कहा कि वे केवल उपायुक्त से मिलने नहीं आए हैं, बल्कि तब तक यहां से नहीं जाएंगे, जब तक कोई अधिकारी या फैक्ट्री का प्रतिनिधि उनसे बातचीत के लिए नहीं आता। उन्होंने कहा कि महिला कर्मचारियों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

न्यूज डायरी

निगदू में चार अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा



करनाल। जिला नगर योजनाकार विभाग ने पुलिस बल के सहयोग से निगदू क्षेत्र में चार अवैध कॉलोनियों एवं निर्माणों के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की। कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस की मौजूदगी में की गई। पहली अवैध कॉलोनी पसताना रोड पर करीब 1.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही थी। यहां बनाई गई सभी कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया। दूसरी अवैध कॉलोनी नीलोखेड़ी-ढांड रोड पर करीब 2.5 एकड़ क्षेत्र में थी। यहां दो निर्माणाधीन शोरूम ध्वस्त किए गए। इसी रोड पर करीब 1.5 एकड़ में विकसित तीसरी अवैध कॉलोनी में एक निर्माणाधीन भवन और दो डीपीसी ध्वस्त की गईं। चौथी अवैध कॉलोनी करीब 3.25 एकड़ क्षेत्र में थी, जहां तीन दुकानों और एक डीपीसी को ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि अवैध निर्माण और कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जा रही हैं। लोगों को अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचने तथा केवल वैध कॉलोनियों में ही संपत्ति खरीदने की सलाह दी गई है। कॉलोनी विकसित करने वालों से टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग, हरियाणा से लाइसेंस लेकर ही कॉलोनी विकसित करने की अपील की गई है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने आंदोलन का लिया निर्णय

करनाल। रिटायर्ड कर्मचारी संघ संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर फेडरेशन की मासिक बैठक गुरुवार को हुड्डा कार्यालय, सेक्टर-12 में खंड प्रधान लाभ सिंह आर्य की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष अशोक अरोड़ा ने किया। जिला सचिव ओम प्रकाश सिहमार ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दे रही हैं। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से विभिन्न चरणों में आंदोलन, धरने और प्रदर्शन किए जा चुके हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हैदराबाद तथा राज्य कार्यकारिणी की रोहतक बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार 12 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन जारी रखने का फैसला किया गया है। संगठन की ओर से 12 दिसंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली आयोजित की जाएगी। इसमें आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी। बैठक में कहा गया कि सरकारी विभागों, बोर्ड, निगम, कारपोरेशन और मान्यता प्राप्त संस्थाओं के सेवानिवृत्त कर्मचारी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे।

छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक



करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल करन गोयल, आईपीएस के मार्गदर्शन में नशामुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान जारी है। इसी कड़ी में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के कुंजपुरा रोड स्थित श्री कृष्ण प्रणामी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस टीम और स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ उसके परिवार और समाज को भी प्रभावित करती है। विद्यार्थियों को स्वयं नशे से दूर रहने तथा आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। चिकित्सक संतोष, चिकित्सक प्रियंका, सहायक उपनिरीक्षक जमाल सिंह और विद्यालय की प्रधानाचार्या पिंकी कक्कड़ मौजूद रहीं। विद्यार्थियों और स्टाफ को नशे से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई गई।

महापौर ने सुनीं शहरवासियों की समस्याएं

करनाल। शहरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए वीरवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने जनसुनवाई की। शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने सफाई, सड़क, जल निकासी, सीवरेज, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें रखीं। महापौर ने नागरिकों की समस्याएं सुनकर कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और समाधान के निर्देश दिए। शेष शिकायतों को संबंधित शाखाओं को भेजते हुए शीघ्र निस्तारण के आदेश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई की जाए और समस्या दोबारा सामने न आए, इसके लिए स्थायी समाधान पर जोर दिया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में सफाई, सड़क, जल निकासी और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी रहेगी। महापौर ने कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे रखने का अवसर मिलता है। उन्होंने अधिकारियों से शिकायतों की नियमित निगरानी कर उनके निस्तारण की रिपोर्ट लेने के निर्देश भी दिए।

नाना पाटेकर के निधन पर महापौर ने जताया शोक

करनाल। अभिनेता नाना पाटेकर के निधन पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवार को यह अपूरणीय क्षति सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। महापौर ने कहा कि नाना पाटेकर अपने सशक्त अभिनय, प्रभावशाली संवाद अदायगी और सहज व्यक्तित्व के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने 'प्रहार : द फाइनल अटैक' के लिए सैन्य प्रशिक्षण लिया और कारगिल युद्ध के दौरान सैनिकों के साथ समय बिताया था। उनके निधन से भारतीय सिनेमा ने एक विलक्षण कलाकार खो दिया है।

छवि ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी की कक्षा छठी की प्रतिभाशाली छात्रा छवि ने 59वीं राज्य स्तरीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता 2026-27 में अंडर-14 ताइक्वांडो वर्ग में रजत पदक जीतकर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता ताऊ देवी लाल स्टेडियम, पंचकूला में आयोजित की गई, जिसमें हरियाणा के विभिन्न विद्यालयों से प्रतिभावान खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। छवि ने प्रतियोगिता के दौरान शानदार खेल कौशल, आत्मविश्वास, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए रजत पदक अपने नाम किया। छवि की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन ने उनके अभिभावकों को भी इस सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के चेयरमैन हनी चौधरी ने छवि की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने छवि को भविष्य में और ऊंचाइयां हासिल करने के लिए शुभकामनाएं दीं। डायरेक्टर पिथी चौधरी ने छवि के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत, लगन और खेल भावना अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने छवि के उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा ने कहा कि छवि की यह उपलब्धि पूरे प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी परिवार के लिए गर्व का विषय है।

आईटीआई में 101 प्रशिक्षुओं के स्वास्थ्य की जांच

घरौंडा। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बस्ताड़ा में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध करवाना रहा। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घरौंडा की स्वास्थ्य टीम ने पहुंचकर प्रशिक्षुओं के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जरूरी जानकारी दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने संस्थान के 101 प्रशिक्षुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रशिक्षुओं की आवश्यक जांच करने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं और आवश्यक सावधानियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षुओं को नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करवाने, संतुलित आहार लेने तथा व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में आईटीआई के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान की ओर से भी प्रशिक्षुओं को समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान के प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह फोर ने कहा कि युवाओं के लिए शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ उनका स्वस्थ रहना भी बेहद आवश्यक है। अनुदेशक रवि कुमार, सुखविंदर सिंह, अमनदीप सिंह सहित संस्थान के सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। संस्थान के स्टाफ ने स्वास्थ्य टीम के साथ समन्वय स्थापित करते हुए शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घरौंडा की स्वास्थ्य टीम और संस्थान के स्टाफ के संयुक्त प्रयासों से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

कांग्रेस ने निकाला रोष मार्च



करनाल। देश बचाओ-वोट बचाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत एआईसीसी एवं पीसीसी के निर्देश और इंडिया गठबंधन के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी शहरी व ग्रामीण की ओर से पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, माल रोड से भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल तक रोष मार्च निकाला गया। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में झंडे और तख्तियां लेकर पहुंचे। प्रतिमा स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि जनता का वोट लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। जिला कांग्रेस कमेटी शहरी अध्यक्ष पराग गाबा ने कहा कि वोट आम नागरिक को अपने भविष्य से जुड़े फैसलों में भागीदारी का अधिकार देता है। प्रदर्शन के बाद पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर सिविल थाना, करनाल पहुंचाया। हिरासत में लिए गए लोगों में डॉ. सुनील पंवार, पराग गाबा, राजेश वैध, बिंदर पोसवाल, तरुण चौहान, संदीप महाजन, रजत लाठर, नाहर सिंह संधू राजेश चौधरी, सोनी शर्मा कुटेल, कृष्ण कुमार, अशोक दुग्गल, किरण पाल धीर, अशोक डाबरा, गुरमीत सिंह, राजेश पढ़ाना, परवीन पुनिया सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

धान खरीद व उठान कार्य में तेजी लाएं : डीसी



इंद्री। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने वीरवार को इंद्री अनाज मंडी का दौरा कर धान की खरीद एवं उठान प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने मंडी में धान लेकर पहुंचे किसानों, आढ़तियों एवं व्यापारियों से भी बातचीत की तथा खरीद, उठान और मंडी में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर धान की खरीद व उठान प्रक्रिया तथा अन्य व्यवस्थाओं बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडी में खरीदे जा रहे धान के उठान कार्य में तेजी लाई जाए। उठान में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि धान उठान का ठेका लेने वाला कोई ठेकेदार कार्य में लापरवाही करता है या समय पर उठान नहीं करता, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तत्परता के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं। मंडी में खरीदे गए धान का उठान समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए।

विधायक रामकुमार ने इंद्री मंडी में धान खरीद की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री



इंद्री । इंद्री अनाज मंडी मे धान की ढेरियों पर जाकर नमी की जांच करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने इंद्री अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडी में धान लेकर पहुंचे किसानों, आढ़तियों तथा व्यापारियों से बातचीत की और खरीद व उठान प्रक्रिया तथा अन्य व्यवस्थाओं से संबंधित उनकी समस्याओं एवं सुझावों की जानकारी ली। विधायक रामकुमार कश्यप ने एसडीएम डॉ. रमन गुप्ता, मार्किट कमेटी सचिव अमित कुमार व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि फसल खरीद सीजन में तत्परता से अपनी ड्यूटी निभाएं। उन्होंने कहा कि मंडी में खरीदे जा रहे धान का उठान समयबद्ध तरीके से होना चाहिए ताकि मंडी में जाम की स्थिति न बने। इसके लिए फसल के उठान और उतरवाने हेतु पर्याप्त संख्या में श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी भी तरह की परेशानी न आए और तय समय पर उनके खाते में पेमेंट का भुगतान हो। उन्होंने मंडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की सुविधा के लिए मंडी परिसर में साफ-सफाई, पीने के पानी की व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई प्रतिदिन सुचारू रूप से होनी चाहिए।

शादी का झांसा देकर दो साल तक संबंध बनाने का आरोप

करनाल। असंध क्षेत्र में एक महिला ने एक व्यक्ति पर शादी का झांसा देकर करीब दो साल तक उसके साथ संबंध बनाने, बाद में शादी से इनकार करने और शादी के लिए दबाव बनाने पर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर महिला पुलिस थाना असंध ने गुरजीत के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला की गुरजीत से करीब दो साल पहले जान-पहचान हुई थी। महिला का आरोप है कि गुरजीत ने उससे शादी करने और उसके दोनों बच्चों को भी अपने साथ रखने का भरोसा दिया था। शुरुआत में वह शादी के लिए तैयार नहीं हुई, लेकिन बाद में गुरजीत के लगातार भरोसा दिलाने पर वह शादी के लिए तैयार हो गई। महिला का आरोप है कि शादी के लिए तैयार होने के बाद गुरजीत ने शादी करने से इनकार करना शुरू कर दिया और कोई न कोई बहाना बनाकर बात टालता रहा। महिला ने शिकायत में बताया कि जब उसने शादी के लिए उस पर दबाव बनाया तो गुरजीत ने उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट की।

10 दिन में शत-प्रतिशत कचरा पृथक्करण का लक्ष्य

स्वच्छता व्यवस्था के लिए निगम ने कसी कमर

- नगर आयुक्त सलोनी शर्मा ने नपा अधिकारियों व सफाई शाखा के साथ की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



जिला नगर आयुक्त सलोनी शर्मा ने गुरुवार को नगर निगम की सफाई शाखा तथा जिले की नगर पालिकाओं के सचिवों और अधिकारियों के साथ बैठक कर स्वच्छता व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026, कचरा पृथक्करण, घर-घर कचरा संग्रहण, सड़कों की सफाई, निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट, बागवानी अपशिष्ट, कचरा संवेदनशील स्थानों, बेसहारा पशुओं, अधिक मात्रा में कचरा उत्पन्न करने वाले संस्थानों, शिकायत पोर्टल और चालान सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई।

सलोनी शर्मा ने कहा कि भारत सरकार की प्रगति-50 योजना में करनाल शहर का चयन हुआ है। इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी स्वच्छता व्यवस्था को लेकर गंभीरता और जिम्मेदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नागरिकों की भागीदारी से जुड़ा सामूहिक दायित्व है।

उन्होंने घरों से ही गीला, सूखा, सैनिटरी तथा हानिकारक/विशेष श्रेणी का कचरा अलग करवाने के निर्देश दिए। वार्ड 8, 9 और 10 में गीले और सूखे कचरे का अलग संग्रहण किया जा रहा है, जबकि वार्ड 11, 12, 13, 17, 18 और 19 में भी अधिकतर घरों में कचरा पृ

खबर संक्षेप

घर से जेवर व नकदी चोरी, केस दर्ज

पानीपत। पानीपत के गांव काबडी निवासी नारो के घर से चोरों ने सोने व चांदी से बने जेवर, 20 हजार रुपये की नगदी व अन्य जरूरी कागजात चोरी कर लिए। वही, नारों की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधे रोपे

पानीपत। पानीपत जिला सहकारी श्रम एवं निर्माण प्रसंघ लिमिटेड की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत पौधरोपण अभियान चलाया गया। अभियान में मैनेजर राजेश पूनिया, चेयरमैन कर्ण सिंह पसीना, उप चेयरमैन विक्की सोमनाथ शर्मा, निदेशक मनोज गोयल, निदेशिका राजवंती देवी, निदेशिका दयावंती देवी, निदेशक जसमिंद्र सिंह, निदेशक लहणा सिंह आदि ने पौधे रोपे।

नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

पानीपत। विद्या भारती मॉडर्न स्कूल खादी आश्रम जीटी रोड में पश्चिम बंगाल के योग अध्यापक एसके रोशन मुंशी पहुंचे और विद्यार्थियों से अपनी 11700 किलोमीटर की साइकिल यात्रा के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में उन्होंने पश्चिम बंगाल से कन्याकुमारी तक स्वस्थ भारत साइकिल यात्रा शुरू की थी। उन्होंने बच्चों को तीन मंत्र अपनाने का संदेश दिया जरूरत से अधिक वस्तुएं न रखना व प्रकृति का संरक्षण करना, प्रतिदिन योग कर स्वस्थ रहना और नशे से दूर रहना।

पानीपत में घर से आभूषण चोरी

पानीपत। पानीपत के कुलदीप नगर निवासी किरण के घर से चोरों ने सोने और चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। थाना पुराना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने किरण की शिकायत पर जहां घटनास्थल की जांच की, वही, अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

श्रीमद्भागवत के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया

पानीपत। नगर निगम के वार्ड तीन स्थित परशुराम मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई समाजसेवी एवं भाजपा नेता हरपाल ढांडा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने कथा का श्रवण किया और श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर पार्षद पति अनिल शर्मा, पार्षद अनिल बजाज, जेपी शर्मा, पूर्ण दिवाकर, महेंद्र, अरुण पांडे, पुजारी सुशील शर्मा, साधुराम जांगड़ा, नकुल शर्मा, रामलाल भाटिया, जितेंद्र अहलावत, राजपाल आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छता को जागरूक किया

पानीपत। बाबरपुर मंडी में सेवा संकल्प अभियान के तहत सुपरवाइजर सुशीला के निर्देशानुसार आंगनवाड़ी वर्करों ने महिलाओं को पौष्टिक आहार, स्वच्छता और मौसम में बदलाव के दौरान सावधानियों के प्रति जागरूक किया। वर्कर नीलम और किरण ने बेटा-बेटी में भेदभाव न करने तथा संतुलित आहार अपनाने का संदेश दिया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर नीलम, किरण, मीनाक्षी, निर्मला, कमलेश, गीता, सुनीता, रेखा, शशिबाला सुमित्रा सुशीला आदि उपस्थित रही।

सुदर्शन क्रिया का ज्ञान लिया

पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज में आर्ट ऑफ लिविंग के सहयोग से स्टाफ सदस्यों के लिए सुदर्शन क्रिया विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। कुसुम व डॉ.मोनिका ने तनाव प्रबंधन, मानसिक शांति, सकारात्मक सोच तथा श्वास एवं ध्यान संबंधी तकनीकों की जानकारी दी।

प्रशासन ने जनसुवाई की

पानीपत। जिला सचिवालय सभागार में वीरवार को आयोजित जनता समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 15 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज करवाईं। अधिकारियों ने शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका

इंडिया गठबंधन ने विरोध मार्च निकाला

लोकतंत्र, संविधान मतदाता अधिकार तथा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता से जुड़े मुद्दे उठाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

कांग्रेस के आह्वान पर वीरवार का दिन कांग्रेसियों ने काला दिवस के रूप में मनाया और अपनी सहयोगी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली के विरुद्ध लाल बत्ती चौक से लेकर जिला स चि वा ल य चौक तक विरोध मार्च निकाला। यहां आंदोलनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंका और लोकतंत्र, संविधान, मतदाता अधिकार तथा चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता से जुड़े मुद्दे उठाए। कार्यकर्ताओं ने बांहों पर काली पट्टी बांधी। विरोध मार्च में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पानीपत ग्रामीण रमेश मलिक, शहरी जिला अध्यक्ष स.बलजीत सिंह, अशोक मेहता, दिव्यांशु बुद्धिराजा, सचिन कुंडू, सुभाष बठला, अजय खुराना, सतीश गहलोतरा, अश्वनी गुप्ता, राज कुमार पाहवा, कुलदीप पुनिया, महेश डावर, सुप्रिया रतन, गीता गाबा, राजवीर पोड़िया, बृजेश कौशिक, राम लाल हैप्पी, अश्वनी नंबरदार, जेपी गौड़, अंशुल कक्कड़, युवराज ढींगरा, माधव शर्मा, राहुल भटनागर, सुरेंद्र शर्मा, अशोक मखीजा इंदरजीत मिड्ढा, शिवसेना की ओर से हरकेश शर्मा, सीपीएम से सुनील दत्त, सुरेंद्र मलिक, पवन सैनी अपने साथियों के साथ प्रदर्शन में शामिल हुए।

- कार्यकर्ताओं ने बांहों पर काली पट्टी बांधी



पानीपत। इंडिया गठबंधन के नेता व कार्यकर्ता जुलूस निकालते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

आर्य पीजी कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर सेमिनार

मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के समग्र विकास में महत्वपूर्णः डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य पीजी कॉलेज में गुरुवार को महिला विकास प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सेमिनार हुआ। कार्यक्रम में काउंसलर एनआर शिवानी ने मुख्य वक्ता के रूप में विद्यार्थियों से संवाद किया और मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन तथा स्वस्थ दिनचर्या के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, शिवानी का प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता व उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने स्वागत किया। इधर, प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य व्यक्ति के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन के साथ-साथ उनके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, सकारात्मक सोच और तनाव का उचित प्रबंधन विद्यार्थियों को बेहतर एवं संतुलित जीवन जीने में सहायता करता है। उपाचार्या डॉ. अनुराधा सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं के प्रति सजग रहते हुए समय रहते उनका समाधान तलाशना चाहिए। मुख्य वक्ता एनआर शिवानी ने विद्यार्थियों को बताया कि अच्छी एवं पर्याप्त नींद का व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। नियमित व गुणवत्तापूर्ण नींद व्यक्ति की कार्यक्षमता, एकाग्रता तथा भावनात्मक संतुलन को बेहतर बनाने में सहायक होती है और इसका सकारात्मक प्रभाव उसके भविष्य पर भी पड़ता है।



पानीपत। आर्य कॉलेज में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एनआर शिवानी।

विद्यार्थियों के लिए आगे बढ़ने की राह है प्रतियोगिताएं



पानीपत। आईबी पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग द्वारा बीए प्रथम वर्ष (फंक्शनल इंग्लिश) के विद्यार्थियों के लिए द स्पीच मैकेनिज्म पर प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें पायल शर्मा ने प्रथम, खुशी ने द्वितीय, आशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम सहित अंग्रेजी विभाग ने पुरस्कृत किया। वहीं प्राचार्य डॉ सिंह ने कहा कि प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। इसके मद्देनजर हर विद्यार्थी को प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। वहीं, प्रतियोगिता में विद्यार्थी कभी हारता नहीं है, या तो वह जीतता है या फिर सिखता है।

इंद्रप्रस्थ मेडिकल कॉलेज से आई टीम का आभार जताया



पानीपत। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), पानीपत में वीरवार को इंद्रप्रस्थ मेडिकल कॉलेज के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य संस्थान के प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर के दौरान इंद्रप्रस्थ मेडिकल कॉलेज से आए विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम ने संस्थान के प्रशिक्षुओं एवं स्टाफ सदस्यों के स्वास्थ्य की जांच की। वहीं, संस्थान के उपाचार्य विवेक रोहिल्ला ने इंद्रप्रस्थ मेडिकल कॉलेज से आई पूरी मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया।

गोवंश के लिए जानलेवा है तला व भूना भोजन : डॉ. योगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



डॉ. योगिता रानोलिया

श्राद्ध अमावस्या के अवसर पर गोवंश की सुरक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य को लेकर पशुपालन विभाग ने नागरिकों एवं गोभक्तों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। विभाग ने कहा कि श्रद्धा एवं आस्था के साथ गोसेवा करते समय गोवंश के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। पशु चिकित्सक डॉ.योगिता रानोलिया ने बताया कि श्राद्ध के दौरान लोग गोवंश को खीर, पूरी, हलवा एवं अन्य खाद्य सामग्री खिलाते हैं। लेकिन अत्यधिक मात्रा में तला-भुना, मसालेदार या भारी भोजन खिलाने से पशुओं में अपच, अ फा रा , एसिडोसिस एवं पेट संबंधी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। कई बार ऐसी स्थिति पशु के लिए जानलेवा भी साबित हो सकती है। गोवंश को ताजा एवं पौष्टिक हरा चारा, सूखा चारा और संतुलित मात्रा में दाना देना अधिक लाभकारी है। साथ ही पशुओं के लिए हर समय स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध होना चाहिए। बासी, सड़ा-गला या फ फूं द लगा भोजन तथा प्लास्टिक और पॉलीथिन युक्त सामग्री गोवंश को बिल्कुल नहीं खिलानी चाहिए।

स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं विद्यार्थी

- क्लब ने 50 रीसाइकल्ड ड्रमों को डस्टबिन के रूप में परिवर्तित कर शहर के प्रमुख स्थानों पर लगवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

इनर व्हील क्लब ऑफ पानीपत, डिस्ट्रिक्ट 308 द्वारा शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उद्देश्य से ग्रीन पानीपत, क्लीन पानीपत अभियान चलाया गया। वहीं, क्लब की अध्यक्ष अलका भाटिया ने अभियान का नेतृतव किया। अभियान के तहत क्लब ने 50 रीसाइकल्ड ड्रमों को डस्टबिन के रूप में परिवर्तित कर शहर के प्रमुख स्थानों पर लगवाया, जिसमें पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 15, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांव शिमला मौलाना में चार और मॉडल टाउन क्षेत्र में 31 डस्टबिन रखवाए गए। अलका भाटिया ने बताया कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए शहर भर में 10,000 क्लीन पानीपत, ग्रीन पानीपत स्टिकर ई-रिक्शा और सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए, जो टैग एंड लेबल कंपनी, पांवटा साहिब द्वारा प्रायोजित थे। वहीं, अभियान में जेडसी नीरू गुगलानी, सचिव अनिता, ज्वाइंट सेक्रेटरी मोनिका, एडिटर रंजू ढींगडा, पीडीसी सीमा चोपड़ा, सदस्य नूतन, रीता, डॉली, पम्मी आहूजा आदि ने भाग लिया और नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने ने कहा कि विद्यार्थी स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं।



पानीपत। इनर व्हील क्लब की पदाधिकारी राजकीय स्कूल में डस्टबीन भेंट करती हुई।

एसडी कॉलेज में भ्रष्टाचार के विरुद्ध भाषण देने में दीपांजलि रही प्रथम

पानीपत। एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में आईओसीएल रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल्स के सौजन्य से और कॉलेज एनएसएस के तहत एक माह तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' के संयुक्त तत्वाधान में 'सत्यनिष्ठा से समृधि' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि गौतम प्रिया चीफ जनरल मैनेजर विजिलेंस और उनके सहयोगियों विशाल मित्तल डिप्टी जनरल मैनेजर विजिलेंस, संजीव कुमार सीनियर मैनेजर विजिलेंस, विजेंद्र कुमार मैनेजर एचआर और निकिता करिया ऑफिसर कम्युनिकेशन कोर्पोरेट ने शिरकत की। वहीं, मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा और डॉ. संतोष कुमारी ने किया। इधर, कार्यक्रम में 'सत्यनिष्ठा से समृधि' विषय पर भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें दीपांजली ने पहला, विजेता ने दूसरा और इशिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जबकि श्वेता व अदिति को सांत्वना पुरस्कार मिले।



पानीपत। एसडी कॉलेज के विजेता विद्यार्थी अतिथियों के साथ। **फोटो : हरिभूमि**

डीएसपीएस में हिंदी लघु नाटिका प्रतियोगिता में अरावली सदन प्रथम

- गर्व के साथ हिंदी का प्रयोग करें : डॉ .वत्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। डीएसपीएस की मुख्याध्यापिका डॉ .नीलम वत्स के साथ विजेता विद्यार्थी।

दयाल सिंह पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, अभिनय कौशल और हिंदी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से अंतरसदनीय हिंदी लघु नाटिका प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्याध्यापिका डॉ.नीलम वत्स ने की। प्रतियोगिता में अरावली, हिमालय, शिवालिक और नीलगिरी सदन के विद्यार्थियों ने भाग लिया। नाटिकाओं के विषय मेरे सपनों का भारत, महंगाई की मार, रोबोट ने किया जब होमवर्क और मानवीय मूल्यों का पतन रहे। प्रतियोगिता में अरावली सदन प्रथम, हिमालय सदन द्वितीय और शिवालिक सदन तृतीय रहा। विद्यार्थियों ने अभिनय, संवाद-अदायगी और मंच प्रस्तुति से सामाजिक विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। डॉ.नीलम वत्स ने कहा कि नाट्यकला से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीम भावना, संवाद-कौशल और सामाजिक चेतना विकसित होती है। मंच संचालन जसलीन और प्रण्या ने किया।

शिविर में विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने आमजन के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं

- सेवा संकल्प सेतु अभियान के तहत जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी



तरावड़ी। शिविर में विधायक के समक्ष समस्याएं रखते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

सेवा संकल्प सेतु अभियान के तहत नगरपालिका प्रशासन तरावड़ी की ओर से नगर खेड़े के पास स्थित शिव शक्ति सत्संग भवन में विशेष जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। शिविर में नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने करीब पांच घंटे तक आमजन के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। कई समस्याओं का मौके पर ही निपटारा किया गया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एसडीएम अशोक कुमार, डीएसपी सोनू नरवाल, थाना प्रभारी जगदीश चंद्र, बिजली विभाग के एसडीओ, नगरपालिका सचिव अजीत कुमार, नगरपालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल, मार्केट कमेटी चेयरमैन रणदीप चौधरी, वाइस चेयरमैन राजीव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संयोगिता , भाजपा मंडल अध्यक्ष रणजीत भारद्वाज सहित नगरपालिका के पार्षद, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

श्री सनातन धर्म रामलीला सभा ने यज्ञ कर ध्वजारोहण किया

प्रभु श्री राम का जीवन आचरणीय : गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्री सनातन धर्म रामलीला सभा, मॉडल टाउन द्वारा आगामी ऐतिहासिक रामलीला मंचन के उपलक्ष्य में भव्य ध्वजारोहण एवं हवन का आयोजन पूर्ण श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया गया। समारोह की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और आहुतियों के साथ हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं शहरवासियों ने विश्व कल्याण, सुख-शांति और मंचन की सफलता के लिए प्रार्थना की। इसके उपरांत धर्म ध्वज की स्थापना कर विधिवत रूप से रामलीला महोत्सव का शुभारंभ किया। वहीं, सभा के प्रधान एवं क्षेत्रीय पार्षद तरुण गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रभु श्री राम का जीवन केवल पूजनीय नहीं, बल्कि आचरणीय है। वे सत्य, त्याग, मर्यादा और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। आज के दौर में युवा पीढ़ी को अपनी समृद्ध संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। रामलीला का मंचन सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा है। वहीं, कार्यक्रम में सभा के सभा के पदाधिकारी आदि ने भाग लिया।



पानीपत। श्री सनातन धर्म रामलीला सभा, मॉडल टाउन के पदाधिकारी यज्ञ करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

सत्यनिष्ठा की शपथ ली

पानीपत। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स की ओर से गांव गांजबड़, कचरौली, महमदपुर में ग्राम सभाएं आयोजित की गईं। मुख्य महाप्रबंधक सतर्कता गौतम प्रिया ने ग्रामीणों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम की जानकारी देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने और नैतिक आचरण अपनाने का आह्वान किया।

एसआईआर नोटिसों पर प्रशासन सख्त

पानीपत। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हरीश वशिष्ठ ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची से संबंधित नोटिस एवं सुनवाई के मामलों का निर्धारित समयसीमा में निस्तारण करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची में नाम शामिल होने से वंचित न रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई की जाए, ताकि पात्र मतदाताओं के नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल किए जा सकें।

मेडिकल कर्मी के साथ ठगी

पानीपत। पानीपत में साइबर ठगों ने संदीप निवासी एएनएस इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस, जीटी रोड, पानीपत, मूल निवासी गांव भैंसवाल जिला सोनीपत के बैंक खाते से साइबर ठगों ने 90 हजार रुपये की निकासी कर ली। संदीप ने बताया कि ठगों ने पंजाब नेशनल बैंक की ककरोई चौक सोनीपत शाखा में उसके खाते से नगदी की निकासी की। इधर, संदीप की शिकायत पर साइबर अपराध थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

किसानों को जागरूक किया

पानीपत। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के गन्ना अनुभाग इकाई द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) गांव उझा में गन्ना तकनीकी परियोजना के अंतर्गत किसान-वैज्ञानिक संवाद शिविर का आयोजन हुआ।

खबर संक्षेप

नगराधीश ने सुनीं आमजन की शिकायतें

अंबाला। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि संबंधित विभागों के अधिकारी समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। नगराधीश वीरवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहें थे। इस दौरान उन्होंने शिविर में पंहुचे लोगों की समस्या एवं शिकायतों को सुनने का काम किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई कर समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने बताया कि उपायुक्त के मार्गदर्शन में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है। यह शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगता है।

एसआईआर शिविर में 226 मामलों पर सुनवाई

अंबाला। चुनाव तहसीलदार गुलशन शर्मा ने बताया कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार तथा उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता के मार्गदर्शन में अम्बाला में कोई भी योग्य मतदाता न छूटे, इसके लिए एसआईआर के तहत कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत प्राप्त नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में 7 से 9 अक्तूबर 2026 तक विशेष शिविर एवं घर-घर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। जिले में गत दिवस आयोजित विशेष शिविरों में 226 लंबित मामलों की सुनवाई की गई। इन शिविरों में ऐसे मतदान केंद्रों पर दस्तावेज प्राप्त किए जाएंगे, जहां नोटिस प्राप्त होने के बावजूद संबंधित मतदाताओं द्वारा अभी तक आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करवाए गए हैं।

गांव हरड़ी में पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

अंबाला। कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा ग्राम हरड़ी में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं विधिक जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और प्रकृति के संरक्षण में उनकी भूमिका को रेखांकित करना था। इस अवसर पर उपस्थित विधिक सेवा अधिकारियों और कानूनविदों ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक नागरिक को एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण में जीने का मौलिक अधिकार प्राप्त है।

सेवा सेतु से प्रशासन को पारदर्शी बना रही सरकार

लाडवा। मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सेवा सेतु के माध्यम से प्रशासन को और अधिक पारदर्शी और जन-हितैषी बना रही है, ताकि लोगों को एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिल सके। कैलाश सैनी लाडवा में आयोजित सेवा सेतु शिविर में बोल रहे थे। शिविर में 153 लाभार्थियों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मौके पर ही प्रदान किया गया है।

श्री रामलीला के चौथे दिन राम-सीता प्रथम मिलन की मनोहारी लीला का किया मनमोहक मंचन

लाडवा। श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा ठाकुरी देवी स्कूल के बाहर आयोजित प्रभु श्रीरामलीला मंचन के चौथे दिन राम-सीता प्रथम मिलन की मनोहारी लीला का मंचन किया गया। भगवान राम और माता सीता के प्रथम मिलन के भावपूर्ण दृश्य ने पूरे वातावरण को प्रेम, भक्ति और भावनाओं से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान अंकुर गुप्ता ने भगवान श्री राम की आरती करके किया। वहीं भारत विकास परिषद के प्रधान राजीव आर्य के नेतृत्व में परिषद के सदस्यों ने भी भगवान श्री राम एवं लक्ष्मण की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यातिथि अंकुर गुप्ता ने कहा कि पुरुषों में उत्तम भगवान श्री राम का प्रत्येक कदम और प्रत्येक वाक्य हमें जीवन में मर्यादा, संयम और आदर्श का संदेश देता है। श्रीराम हनुमान रामलीला समिति लाडवा द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला के अंतर्गत 9 अक्तूबर को भव्य राम बारात का आयोजन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

भैंस और नवजात बछड़े पर भी कर चुके हैं हमला, ग्रामीणों में दहशत

आवारा कुत्तों का आतंक, 11 भेड़ों के बच्चों को नोचकर मार डाला

धनौरा में आवारा कुत्तों के झुंड ने करीब 10-15 दिन पहले भी भैंस और नवजात बछड़े पर किया था हमला, दोनों की हो गई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

धनौरा गांव में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक ने ग्रामीणों और पशुपालकों की चिंता बढ़ा दी है। सुबह आवारा कुत्तों के झुंड ने एक पशुपालक के बाड़े में घुसकर 11 छोटे भेड़ के बच्चों को अपना शिकार बना लिया। कुत्तों ने बाड़े में मौजूद भेड़ के बच्चों पर एक साथ हमला कर दिया और उन्हें बुरी तरह नोच डाला। हमले में सभी 11 भेड़ के बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। पशुपालक अपने पशुधन की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। धनौरा के पशुपालक विकास ने अपने भेड़ के बच्चों को बाड़े में रखा हुआ था। सुबह करीब 11 बजे अचानक आवारा कुत्तों का झुंड बाड़े में घुस गया। इससे पहले कि पशुपालक कुछ समझ पाता, कुत्तों ने भेड़ के बच्चों पर हमला शुरू कर दिया। कुत्तों ने एक-एक कर कई भेड़ के बच्चों को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कुछ ही देर में 11 भेड़ के बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद बाड़े में मृत पड़े भेड़ के बच्चों को देखकर पशुपालक और परिवार के लोगों के होश उड़ गए। बताया जा रहा है कि इस घटना में पशुपालक को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। पशुधन पर लगातार हो रहे हमलों से ग्रामीणों में रोष भी है।



अंबाला। बाड़े में मृत पड़े भेड़ के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

भैंस-बछड़े को बना चुके हैं निशाना

पशुपालक विकास ने बताया कि गांव में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है और ये कुत्ते अब झुंड बनाकर पशुओं पर हमला करने लगे हैं। उन्होंने बताया कि करीब 10-15 दिन पहले भी आवारा कुत्तों ने उनकी भैंस और नवजात बछड़े पर हमला कर दिया था। कुत्तों के हमले में दोनों की मौत हो गई थी। अभी वह उस नुकसान से उबर भी नहीं पाए थे कि एक बार फिर कुत्तों ने उनके 11 भेड़ के बच्चों को मार डाला। लगातार हो रही इन घटनाओं ने पशुपालकों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले आवारा कुत्ते गांव की गलियों तक सीमित रहते थे, लेकिन अब बड़ी संख्या में झुंड बनाकर घूमते हैं और मौका मिलते ही पशुओं पर हमला कर देते हैं। छोटे पशु, बछड़े, भेड़-बकरियां और अन्य मवेशी इनका आसान निशाना बन रहे हैं।

बच्चों और राहगीरों की सुरक्षा को लेकर चिंता

ग्रामीणों का कहना है कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या केवल पशुधन के लिए ही खतरा नहीं है, बल्कि छोटे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता पैदा हो गई है। कई बार कुत्तों के झुंड गांव की गलियों और घरों के आसपास घूमते दिखाई देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इन पर नियंत्रण नहीं किया गया तो किसी दिन बड़ी घटना भी हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ने के बावजूद समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। पशुपालकों का कहना है कि मेहनत से पाले गए पशुओं को इस तरह आवारा कुत्तों के हमले में खो देना उनके लिए बड़ा आर्थिक झटका है।

पुलिस ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

घटना के बाद पीड़ित पशुपालक ने पुलिस को शिकायत दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वहीं पशु विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मृत 11 भेड़ के बच्चों का पोस्टमार्टम किया। पशुपालक विकास ने प्रशासन से मांग की है कि गांव में बढ़ रहे आवारा कुत्तों के आतंक को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने पशुधन को हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा की मांग की है।

पुलिस ने सुलझाई जेवरात चोरी की गुत्थी, आरोपी काबू



मुलाना। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

- चोरी के गहनों पर लोन लेकर खरीदी थी कार और आईफोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने गाँव बुढ़ियों में दिनदहाड़े एक मकान से सोने के जेवरात चोरी करने के मामले का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हेमंत उर्फ प्रिन्स निवासी गांव कलावाड़, थाना छप्पर, जिला यमुनानगर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा सभी जेवरात, लोन के रुपयों से खरीदी गई कार और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गांव बुढ़ियों की प्रतिक्षा ने 23 सितंबर को थाने में दी शिकायत में बताया था कि 19 सितंबर को दोपहर करीब एक बजे वह परिवार सहित गाँव में बनी गुगा माड़ी पर माथा टेकने गई थीं। इस दौरान घर के दरवाजे खुले रह गए थे। कोई ताला नहीं लगाया गया था। जब वह करीब सवा दो बजे घर लौटी तो कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का लॉकर खुला था, जिसमें रखे सोने के जेवरात गायब थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी हेमंत उर्फ प्रिंस को पांच अक्तूबर को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने चौकाने वाला खुलासा किया। आरोपी ने चोरी किए गए जेवरातों पर एक फाइनेंस कंपनी से तीन लाख सात हजार 500 रुपये का लोन ले लिया था। इन पैसों से आरोपी ने ऐशो-आराम के लिए एक लाख 10 हजार रुपये में एक कार और 56 हजार रुपये में एक आईफोन खरीद लिया था। पुलिस ने छह अक्तूबर को आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

संत रविदास की शिक्षाएं समाज के लिए प्रेरणा

- आचार्य रघुवीर कॉलेज में हुई एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के आचार्य रघुवीर गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में हिंदी विभाग व अकादमिक डिवेलपमेंट एंड रिसर्च सैल की तरफ से एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में हरियाणा,पंजाब,हिमाचलप्रदेश,दिल्ली सहित कई प्रदेशों के विद्वानों ने ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। उद्घाटन सत्र के रिसोर्स पर्सन सेवानिवृत प्रोफेसर डॉ. रमेश कुमार मेहरा ने कहा कि गुरु रविदास की वाणी समता, मानवता और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाती है। उनकी शिक्षाएं किसी एक जाति, वर्ग, संप्रदाय अथवा देश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने ऐसे समय में समाज को ज्ञान, भक्ति, प्रेम, समानता और सामाजिक न्याय का मार्ग दिखाया, जब जातिगत भेदभाव, छूआछूत और सामाजिक कुरीतियां गहराई तक व्याप्त थी। कालेज प्राचार्य डॉ. देसराज बाजवा ने कहा कि भारतीय संत परंपरा ने सदियों से समाज को अज्ञानता, रूढ़ियों और भेदभाव से बाहर निकालने का कार्य किया है। एकेडमिक डेवेलपमेंट एंड रिसर्च सैल के प्रभारी तथा संगोष्ठी के संयोजक डॉ. अतुल यादव ने कहा कि व्यक्ति की पहचान जाति नहीं, ज्ञान और कर्म से होती है । गुरु रविदास की वाणी और दर्शन 650 वर्ष बाद भी सामाजिक समानता, समरसता और मानवता के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। विशिष्ट अतिथि के रुप में केएम राजकीय महाविद्यालय, नरवाना के डॉ. राजबीर नैन ने कहा कि देश का निर्माण किसी एक राजा या योद्धा ने नहीं, बल्कि ऋषियों, मुनियों, संतों, महात्माओं और गुरुओं की ज्ञान परंपरा ने किया है। महर्षि वेदव्यास, महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, संत नामदेव, दादू दयाल, ज्योतिबा फुले, नारायण गुरु और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जैसे महापुरुषों ने भारतीय संस्कृति और सामाजिक मूल्यों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। एमसीएम डीएवी कालेज चंडीगढ़ की डॉ. सुनीता यादव ने कहा कि भारतीय संत परंपरा ज्ञान, मानवता और सामाजिक चेतना की निरंतर धारा है।समापन सत्र के मुख्य वक्ता के रुप में बोलते हुए हिंदी विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अजायब सिंह के अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय संत परंपरा सनातन संस्कृति की आत्मा है, जिसमें कबीर, रविदास, तुलसीदास, और गरीबदास जैसे महान संतों ने समाज को नई दिशा दी।



अंबाला। रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रिंसिपल।

सेवा संकल्प अभियान में छात्राओं ने जगाई डिजिटल साक्षरता की अलख

- बुजुर्गों को मोबाइल एप्स व जीवन ऐप की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज बराड़ा की ओर से सेवा संकल्प अभियान के तहत गांव रजौली में एक दिवसीय डिजिटल साक्षरता जागरूकता एवं सामाजिक सेवा शिविर आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ. शशि खुराना के निर्देशन में आयोजित शिविर में छात्राओं ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और डिजिटल तकनीक के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने नशा मुक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। इसके बाद नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। छात्राओं ने नशा विरोधी नारों के माध्यम से ग्रामीणों से नशे से दूर रहने और युवा पीढ़ी को सुरक्षित रखने का आह्वान किया। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। छात्राओं ने ग्रामीणों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में डिप्टी सुपरिंटेंडेंट करनजीत कौर, सुमन सैनी, मिनी और महक ने भी सहयोग दिया। डॉ. सुषमा रानी ने नशे के दुष्प्रभावों और बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला, जबकि एनएसएस ऑफिसर डॉ. सुमन ने सामाजिक सेवा, स्वच्छता अभियानों में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।



अंबाला। कार्यक्रम में भाग लेते हुए प्रतिभागी।

विश्व दृष्टि दिवस पर आंखों की रोशनी के लिए चिकित्सकों ने दिया परामर्श

- शिविर में डॉ. जागृति ने की छात्रों की आंखों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 में विद्यार्थियों के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों की आंखों की जांच कर उन्हें नेत्रों की देखभाल एवं दृष्टि संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूक किया गया । शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. जागृति ने विद्यार्थियों की आंखों की जांच की। जांच के दौरान जिन विद्यार्थियों में नेत्र संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें आगे की जांच एवं उपचार के लिए कपिल आई अस्पताल रेफर किया जाएगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब अंबाला इंडस्ट्रियल एरिया की ओर से एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी रोटेरियन अनिता कपूर उपस्थित रहीं। उन्होंने शिविर के आयोजन में सहयोग करते हुए विद्यार्थियों को आंखों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।विद्यालय के प्राचार्य हरिंद्र सिंह लांबा ने विश्व दृष्टि दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ आंखें विद्यार्थियों के सीखने, पढ़ने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि समय-समय पर आंखों की जांच करवाना, पर्याप्त रोशनी में पढ़ना, स्क्रीन टाइम को नियंत्रित रखना और आंखों की स्वच्छता का ध्यान रखना सभी के लिए जरूरी है।



संविधान की रक्षा के लिए लड़ेगा इंडिया गठबंधन

- लोकतंत्र में विरोध करना हर नागरिक का अधिकार : हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान के तहत अंबाला शहर में इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों ने एकजुट होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोकतंत्र, संविधान और मताधिकार की रक्षा के साथ-साथ दिल्ली में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ किए गए कथित दुर्व्यवहार के खिलाफ कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदेश कांग्रेस मामलों के प्रभारी संजय दत्त के मार्गदर्शन में तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह एवं पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करने का अधिकार प्रत्येक नागरिक को संविधान ने दिया है। हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि वोट का अधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और इसकी रक्षा करना प्रत्येक राजनीतिक दल एवं नागरिक की जिम्मेदारी है।



अंबाला। रोष मार्च निकालते कांग्रेसी नेता।

जनता के बीच जाएगा इंडिया गठबंधन : दत्त

प्रभारी सुनील दत्त ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की आवाज को दबाने के बजाय सरकार को जनता के सवालों का जवाब देना चाहिए। किसानों, युवाओं, मजदूरों और आम नागरिकों की समस्याओं को सुनना और समाधान करना सरकार की जिम्मेदारी है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती से जनता के बीच अपनी आवाज उठाता रहेगा।

परिवहन मंत्री अनिल विज ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में सुनीं जनशिकायतें

बकाया 70 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स पर नप अधिकारियों को फटकार

फौजी की शिकायत पर विज गंभीर, बोले-फौजी की जीवनभर की कमाई व्यर्थ नहीं जाने दूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने वीरवार को अंबाला छावनी स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में लोगों की समस्याएं सुनी। अलग-अलग शिकायतों पर उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त और उपमंडल अधिकारी को मामलों की जांच के लिए कमेटी गठित जांच के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान निर्धारित समय सीमा में होना चाहिए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

अंबाला छावनी के गांव मंडौर की भूमि पर कथित रूप से अनाधिकृत कॉलोनी काटे जाने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए मंत्री ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर मामले की जांच करवाई जाए तथा रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता नप सदस्य ने आरोप लगाया कि टेंडर की शर्तों के अनुरूप मशीन की खरीद नहीं की गई। इस पर मंत्री ने एसडीएम के नेतृत्व में एक सप्ताह के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रॉपर्टी टैक्स की बकाया राशि को लेकर मंत्री ने नगर परिषद अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा लगभग 70 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाना है। उन्होंने वसूली के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए ताकि इस राशि का उपयोग अंबाला छावनी के विकास कार्यों में किया जा सके। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से प्रत्येक वार्ड के विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपये की राशि जारी करवाई गई है। अंबाला छावनी के सेना के सेवानिवृत्त कैप्टन के 52 लाख रुपये की कथित जमीन धोखाधड़ी की शिकायत की। आरोप लगाया कि मामले में नामजद दो आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। इस पर विज ने पंजोखरा थाना प्रभारी को कड़े निर्देश देते हुए कहा, "यह फौजी है, जिसने पूरी जिंदगी सीमा पर देश की सेवा की है। मैं उसके जीवनभर की कमाई को व्यर्थ नहीं जाने दूंगा।"



अंबाला। लोगों की शिकायतें सुनते मंत्री अनिल विज।

सकिंग व जेटिंग मशीन खरीद पर जांच के आदेश

टुंडला मंडी के लोगों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान की छत पक्की करवाने के लिए आवेदन करने के बावजूद एक वर्ष से लाभ नहीं मिलने की शिकायत पर मंत्री ने कड़ा संज्ञान लिया। उन्होंने एसडीएम को मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नगर परिषद द्वारा नालों एवं सीवरेज की सफाई के लिए सकिंग एवं जेटिंग मशीन की खरीद से संबंधित शिकायत पर भी विज ने जांच के आदेश दिए।